# Special Agro Advisory Bulletin
## (ICAR-CIARI, Sri Vijaya Puram)
## (Valid for: 29 to 31 May, 2026)

**State: Andaman and Nicobar Islands** **Issue Date: 28/05/2026**

**Weather Warning:**
Heavy rainfall is likely over Andaman and Nicobar Islands during 29th to 31st May. Thunderstorm, lightning, and gusty winds (40-50 kmph) are also likely during the next 5 days.

**SMS Advisory:Heavy rain & thunderstorms likely (29-31 May). Ensure drainage, support banana plants, avoid spraying/field work, keep livestock sheltered.**

**Special Agro Advisory:**

| Crops / Livestock | Crop / Livestock Stage | Likely Impact / Damage due to Heavy Rainfall / Thunderstorm / Gusty Winds | Agro Advisory |
|---|---|---|---|
| **Paddy** | Pre-nursery / nursery preparation stage | Thunderstorm, lightning, intermittent rainfall, and gusty winds may delay nursery preparation, damage uncovered seed material, and cause temporary water stagnation in low-lying nursery areas leading to poor seedling emergence. | Farmers are advised to procure quality paddy seeds from ICAR-CIARI or the Department of Agriculture for kharif nursery preparation. Prepare **raised nursery beds with drainage channels** to prevent water stagnation. Store seed materials in dry conditions and avoid nursery operations, fertilizer application, or field work during thunderstorms and lightning events. |
| **Banana** | Fruiting stage | Gusty winds (40-50 kmph) and heavy rain may cause **pseudostem bending, uprooting, bunch damage, leaf tearing, and root loosening** due to saturated soil conditions. | Provide **strong propping support using bamboo poles** to fruiting plants to prevent lodging. Ensure field drainage to avoid waterlogging and earth up loosened plants after rainfall. Remove severely damaged leaves to reduce fungal infection under humid conditions. |
| **Fruit crops (Mango, Guava, Sapota, etc.)** | Flowering / Fruiting stage | Strong winds and thunderstorms may cause **premature fruit drop, branch breakage, bruising of fruits, and higher pest and fungal incidence** under humid conditions. | Collect and safely dispose of fallen and infested fruits by pit burial to prevent pest multiplication. Avoid pruning and spraying during rainy and windy periods. Support weak branches and maintain |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | orchard sanitation to reduce disease spread. |
| **Spice crops** | Planting / establishment stage | Heavy showers and gusty winds may lead to **lodging, root exposure, poor establishment, and waterlogging stress** in newly planted saplings. | Planting of new saplings should be undertaken only during suitable weather windows. Provide **staking/support and drainage arrangements** for newly planted crops. Avoid fertilizer application during heavy rainfall periods to minimize nutrient loss. |
| **Vegetables** | Vegetative / establishment stage | Thunderstorms and continuous rainfall may lead to **waterlogging, root rot, stem breakage, fungal disease incidence, and flower/fruit drop** in vegetable crops. | Ensure drainage channels in low-lying areas to prevent water stagnation. Provide staking/support to climber vegetables and monitor for fungal diseases under prolonged humidity. Avoid pesticide spraying during rainfall and strong winds. |
| **Livestock** | General management stage | Thunderstorm, lightning, and wet weather may increase **animal stress, respiratory illness, injury risk, and exposure to lightning/falling branches**, especially in poorly sheltered areas. | Do not keep animals under trees, electric poles, or damaged structures during thunderstorms. Maintain dry housing, provide clean drinking water (preferably lukewarm), and feed green fodder mixed with dry straw to reduce digestive stress. Store feed in moisture-free conditions. |
| **Fisheries** | Pond culture / broodstock management stage | Heavy rainfall runoff may reduce **pond water quality,** dissolved **oxygen, and alter pH,** increasing fish stress and disease risk. Pond overflow may result in fish escape. | Strengthen pond bunds and drainage outlets to avoid overflow and fish escape. Reduce feeding during cloudy weather and monitor pond water quality. Check mature brood fish of Catla and Rohu for breeding and undertake induced breeding using approved methods when weather permits. |

# विशेष कृषि परामर्श बुलेटिन

## (ICAR-CIARI, श्री विजयपुरम)

(समयावधि: 29 से 31 मई, 2026)

राज्य: अंडमान और निकोबार द्वीप समूह जारी करने की तिथि: 28/05/2026

**मौसम की चेतावनी:**

29 से 31 मई के दौरान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारी वर्षा होने की संभावना है। अगले 5 दिनों के दौरान गरजचमक-, बिजली गिरने तथा 40-50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है।

**SMS सलाह :29-31 मई भारी वर्षा/आंधी की संभावना। खेत में जल निकासी रखें, केले को सहारा दें, छिड़काव टालें, पशुओं को सुरक्षित रखें।**

**विशेष कृषि सलाह:**

| फसल / पशुधन | फसल / पशुधन की अवस्था | भारी वर्षा / गरज-चमक / तेज हवाओं से संभावित प्रभाव / क्षति | कृषि परामर्श |
|---|---|---|---|
| **धान** | नर्सरी पूर्व / नर्सरी तैयारी अवस्था | गरज-चमक, बिजली गिरने, रुक-रुक कर वर्षा एवं तेज हवाओं के कारण नर्सरी तैयारी में विलंब, खुले में रखे बीजों को नुकसान तथा निचले क्षेत्रों में जलभराव के कारण अंकुरण प्रभावित हो सकता है। | किसानों को खरीफ मौसम हेतु धान नर्सरी के लिए गुणवत्तायुक्त बीज ICAR-CIARI अथवा कृषि विभाग से प्राप्त करने की सलाह दी जाती है।**उठी हुई नर्सरी क्यारियाँ तथा उचित जल निकासी व्यवस्था**अपनाएँ। बीज सामग्री को सूखे स्थान पर सुरक्षित रखें तथा गरज-चमक एवं बिजली गिरने के दौरान खेत कार्यों से बचें। |
| **केला** | फलन अवस्था | 40-50 किमी/घंटा की तेज हवाओं एवं वर्षा के कारण**पौधों का झुकना, गिरना, पत्तियों का फटना, घौंद (बंच) को नुकसान तथा जड़ों का ढीला होना**संभव है। | फलन अवस्था वाले केले के पौधों को**बाँस अथवा मजबूत सहारे से सहारा (propping)** दें। खेत में जल निकासी सुनिश्चित करें तथा वर्षा के बाद झुके पौधों की मिट्टी चढ़ाकर मजबूती करें। क्षतिग्रस्त पत्तियों को हटाकर रोग प्रकोप कम करें। |
| **फल फसलें (आम, अमरूद, चीकू आदि)** | पुष्पन / फलन अवस्था | तेज हवाओं एवं गरज-चमक से**फल गिरना, शाखाएँ टूटना, फलों में चोट लगना तथा अधिक आर्द्रता के कारण कीट एवं रोग प्रकोप बढ़ना**संभव है। | गिरे हुए एवं कीटग्रस्त फलों को एकत्र कर गड्ढों में दबाकर नष्ट करें। वर्षा एवं तेज हवा के दौरान छंटाई एवं छिड़काव से बचें। कमजोर शाखाओं को सहारा दें तथा बगीचे की स्वच्छता बनाए रखें। |
| **मसाला फसलें** | रोपण / स्थापना अवस्था | भारी वर्षा एवं तेज हवाओं के कारण**नवरोपित पौधों का गिरना, जड़ों का खुलना तथा जलभराव से स्थापना प्रभावित होना**संभव है। | नए पौधों का रोपण केवल अनुकूल मौसम में करें। नवरोपित पौधों के लिए**सहारा (staking) एवं जल निकासी व्यवस्था**सुनिश्चित करें। भारी वर्षा के दौरान उर्वरकों का प्रयोग न करें ताकि पोषक तत्वों का बहाव कम हो। |
| **सब्ज़ियाँ** | वानस्पतिक / स्थापना अवस्था | लगातार वर्षा एवं गरज-चमक से**जलभराव, जड़ गलन, तनों को नुकसान, फफूंदजनित रोग तथा फूल/फल गिरने**की संभावना बढ़ सकती है। | निचले क्षेत्रों में**उचित जल निकासी नालियाँ**बनाएं ताकि जलभराव न हो। बेलदार सब्जियों को सहारा दें तथा अधिक आर्द्रता में रोगों की नियमित निगरानी करें। वर्षा एवं तेज हवाओं के दौरान कीटनाशी/फफूंदनाशी छिड़काव से बचें। |
| **पशुधन** | सामान्य प्रबंधन अवस्था | गरज-चमक, बिजली गिरने एवं ठंडी-गीली परिस्थितियों के कारण**तनाव, श्वसन रोग, चोट लगने तथा पेड़ों/कमजोर संरचनाओं के गिरने का जोखिम**बढ़ सकता है। | पशुओं को पेड़ों, बिजली के खंभों अथवा क्षतिग्रस्त भवनों के नीचे न रखें। पशुशालाओं को सूखा रखें, स्वच्छ पेयजल (संभव हो तो गुनगुना) उपलब्ध कराएँ तथा हरे चारे में भूसा मिलाकर खिलाएँ। पशु आहार को नमी से सुरक्षित रखें। |
| **मत्स्य पालन** | तालाब पालन / ब्रूडस्टॉक प्रबंधन अवस्था | भारी वर्षा से**तालाब के जल की गुणवत्ता, pH एवं घुलित ऑक्सीजन प्रभावित हो सकती है,** जिससे मछलियों में तनाव एवं | तालाब के मेड़ों एवं निकासी तंत्र को मजबूत करें ताकि जलभराव एवं मछलियों के बहाव से बचाव हो सके। बादलयुक्त मौसम में अतिरिक्त आहार देने से बचें तथा जल गुणवत्ता की निगरानी करें। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | रोग का खतरा बढ़ सकता है। तालाब से मछलियों के बहने का जोखिम भी बढ़ता है। | कटला एवं रोहू ब्रूड फिश की जाँच कर उपयुक्त मौसम में प्रेरित प्रजनन अपनाएँ। |